# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 509 वर्ष 40 — राँची, 15 नवम्बर, 2016


**विशेषांक**

# सीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

## सतर्कता शपथ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

श्री अरबिन्द प्रसाद, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी के मार्ग–निर्देशन में विगत 31 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक सीसीएल मुख्यालय, केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर, एम.आर.एस. रामगढ़ तथा सभी 12 क्षेत्रों एवं परियोजनाओं में "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" का शुभारंभ कंपनी के कार्य–कलापों के प्रत्येक क्षेत्र में सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार को समाप्त करने में आम–जन की भागीदारी की प्रतिज्ञा के साथ प्रारंभ हुआ।




सतर्कता शपथ दिलाते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

मुख्यालय में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी, श्री गोपाल सिंह ने सभी कर्मियों को सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीसीएल कर्मियों को संबोधित करते हुए श्री गोपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष हमलोग "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" मनाते हैं और मैं विश्वास के साथ कहता हूँ कि हम सभी सीसीएल कर्मी आज जो शपथ लेते हैं उसका पालन भी करते हैं, जिसका परिणाम है कि आज सीसीएल कोल इंडिया की सबसे अच्छी कंपनी है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि सभी कर्मी सचेत रहते हुए ईमानदारी, निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा, जिम्मेवारी और पूर्ण पारदर्शिता के साथ अपना कार्य करें। उन्होंने कहा कि कंपनी के हितो की रक्षा सर्वोपरि है।

मौके पर, निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष ने भारत के राष्ट्रपति महोदय श्री प्रणव मुखर्जी, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सुबीर चन्द्रा ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी संदेश को पढ़कर सुनाया जबकि निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने उप–राष्ट्रपति महोदय श्री हामिद अंसारी द्वारा जारी संदेश को पढ़कर सुनाया।

श्री अरबिन्द प्रसाद, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी ने इस अवसर पर मुख्य सतर्कता आयुक्त के संदेश को पढ़कर सुनाया। उन्होंने सीसीएल मुख्यालय, रांची तथा सभी क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" का मुख्य थीम है "ईमानदारी को प्रोत्साहन देने तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन में जन सहभागिता" **("Public participation in promoting Integrity and eradicating Corruption")**। उन्होंने कहा कि सतर्कता विभाग का यह सत्त प्रयास रहा है कि कंपनी के सभी कर्मी निर्भय होकर नियम एवं कानून का पालन करते हुए अपना कार्यनिष्पादन करें। श्री प्रसाद ने कहा की भ्रष्टाचार रोकने की कोई भी मुहिम जन–सहभागिता के बिना संभव नहीं है, इसलिए सीवीसी द्वारा यह विषय चुना गया। सीसीएल झारखंड की जनता की भागीदारी बढ़ाने हेतु सतर्कता जागरूकता सप्ताह में अने. कों कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस वर्ष सीवीसी द्वारा "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" में **"Integrity Pledge"** (सत्यनिष्ठा की शपथ) की परिकल्पना को मूर्त रूप देते हुए सीवीसी के वेबसाईट पर इसका लिंक भी दिया गया है जिसके माध्यम से भारत के सभी नागरिक 'सत्यनिष्ठा' की शपथ ले सकते हैं जिसका एक सर्टिफिकेट भी उन्हें सीवीसी द्वारा ऑनलाइन जारी किया जा रहा है।

इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन से संबंधित एक नुक्कड़ नाटक "मंगरा का रिटायरमेंट" का मंचन किया गया जिसे कर्मियों ने खूब सराहा। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कर्मी निष्पक्षता, ईमानदारी, नैतिकता और सत्यनिष्ठा के साथ कार्यनिष्पादन करें जिससे कंपनी, राज्य और देश प्रगति के पथ पर सतत अग्रसर हो।

अवसर विशेष पर "सतर्कता जागरूकता मार्च" जो मुख्यालय दरभंगा हाउस से जवाहर नगर कॉलोनी, कांके रोड तक आयोजित किया गया जिसे मुख्य अतिथि सीएमडी श्री सिंह ने झंडा दिखाकर (Flag off) विदा किया। सतर्कता जागरूकता मार्च में मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री प्रसाद, निदेशगण सहित बड़ी संख्या में कर्मियों ने उत्साह से भाग लिया।




सतर्कता जागरूकता मार्च में सीएमडी, सीवीओ, निदेशकगण एवं सीसीएल कर्मी

## स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक




श्री अरबिन्द प्रसाद, सीवीओ बैठक को संबोधित करते हुए

विगत 02 नवंबर को मुख्यालय के "विचार मंच" में ग्राहक, वेन्डर, कॉन्ट्रेक्टर एवं परियोजना प्रभावित परिवारों के समस्याओं के निवारण हेतु आयोजित बैठक में सीसीएल के सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद, निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सुबीर चन्द्रा, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री ए.के. मिश्रा सहित मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष तथा अन्य कर्मियों ने भाग लिया।

बैठक में नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेन्टर के प्रतिनिधि श्री अभिरूप घोष ने पीपीटी और ऑनलाईन वेबसाईट के माध्यम से बैठक में उपस्थित सभी को सीसीएल एवं कोल इंडिया में ई–टेंडरिंग प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। श्री घोष ने बैठक में उपस्थित लोगों की समस्याओं और परामर्श पर परिचर्चा कर नई जानकारियों से अवगत कराया।

अपने संबोधन में सीवीओ श्री प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष की थीम के अन्तर्गत सीसीएल "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" आमजन की सहभागिता को प्रेरित करने के लिए विभिन्न आयोजन कर रहा है और यह बैठक इसी क्रम में की गई है। उन्होंने कहा कि सीसीएल की सफलता में आप सभी का बहुमूल्य सहयोग मिलता रहा है और इस बैठक के माध्यम से हम आपकी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण करने हेतु प्रतिबद्ध है। श्री प्रसाद ने कहा कि सत्यनिष्ठा प्रत्येक इंसान के अंदर है और हम सभी को इसे जागरूक करने की आवश्यकता है। इस वर्ष सीवीसी द्वारा "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" में सत्यनिष्ठा शपथ के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इस मुहिम में हम सभी कर्मियों के साथ–साथ आम जन को जोड़ने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सीवीओ ने सभी उपस्थित लोगों से खुलकर अपनी समस्याओं को रखने के लिए प्रेरित किया जिससे कंपनी अपनी क्रियाकलापों में उत्तरोत्तर सुधार कर सके।

अवसर विशेष पर बैठक को संबोधित करते हुए निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष ने सभी को सीसीएल को बेस्ट कॉरपोरेट कंपनी का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। श्री घोष ने कहा कि देश को सीसीएल से बहुत उम्मीदें हैं जो आप सभी के सहयोग से ही पूरा हो सकता है।




सीएमडी सतर्कता जागरूकता रथ को रवाना करते हुए

## सीएमडी ने सतर्कता जागरूकता रथ को रवाना किया

"सतर्कता जागरूकता सप्ताह" के अंतर्गत 03 नवम्बर को सीसीएल मुख्यालय के प्रांगण से सत्यनिष्ठा एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन में जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने झंडा दिखाकर सतर्कता जागरूकता रथ को रवाना किया। सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सीवीओ श्री अरबिन्द प्रसाद के साथ रथ को दरभंगा हाउस के मुख्य द्वार तक चलाकर लोगों को जागरूक तथा प्रोत्साहित किया। यह रथ रांची शहर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान रांची के आम जन को भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। यह रथ विभिन्न संदेश के द्वारा न सिर्फ लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति सचेत रहने के लिए बल्कि सभी आम जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करने का काम किया।

## संवाद–सत्र का आयोजन

03 नवम्बर को ही 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह" के अंतर्गत मुख्यालय के "विचार मंच" में सत्यनिष्ठा एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन में जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया। सत्र को संबोधित करते हुए स्वामी माधवानन्द ने कहा कि मनुष्य के पाँच कर्मों नित्य कर्म, नैतिक कर्म, काम्य कर्म, निषिद्व कर्म, प्रतिसिद्व कर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भ्रष्टाचार उन्मूलन में जनता की सहभागिता, सतर्कता का सही अर्थ और सतर्कता जागरूकता को कैसे बढ़ाया जा सके उससे उपस्थित सभी को अवगत कराया।

अवसर विशेष पर सीएमडी श्री सिंह ने सभी को कंपनी के नियमानुसार कार्यनिष्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि नियमों के उल्लंघन से कंपनी को नुकसान पहुँचता है।

सत्र को संबोधित करते हुए सीवीओ श्री प्रसाद ने कहा कि विजिलेंस कंपनी का एक महत्वपूर्ण अंग है, कंपन का आँख–कान है और प्रबंधन को इस संदर्भ में जानकारी देता रहता है।




दीप प्रज्ज्वलित कर संवाद सत्र का उद्घाटन करते सीएमडी, स्वामी जी, सीवीओ एवं निदेशकगण

**किसी देश को भ्रष्टाचार मुक्त और सुन्दर विचारों वाले नागरिकों का देश केवल तीन ही व्यक्ति बना सकते हैं : पिता, माता और शिक्षक – डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम**


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)